<u>वर्ष 2019 के लिए कस्टमाइज्ड डायरी की आपूर्ति हेतु लिए निविदा</u>

केवल वे उत्पादक तथा प्रिंटर जिनका मुंबई में कार्यालय है इस निविदा को प्रस्तुत करने के पात्र है

सम्मानित उत्पादकों तथा प्रिंटरों से सीलबंद निविदाएँ आमंत्रित हैं, जिनका प्रिटिंग के क्षेत्र में कम से कम 5 वर्ष के अनुभव सहित संतोषजनक ट्रैक-रिकॉर्ड हो तथा जो सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/ वाणिज्यिक बैंकों/ बीमा कंपनियों को डायरी की आपूर्ति करते हों।

<u>विवरण:</u>

डायरी- दो किस्में; 1.विरंजित(ब्लीच्ड) सफ़ेद कागज़ 2. अविरंजित पर्यावरण-मित्र कागज

डायरी -2019 की विशेषताएं निम्नलिखित हैं:

1.प्रकार : प्रीमियम आर्ट कवर डायरी, प्रिंटर के ब्रांड नाम के बिना

2.आकार : 177*240 मि.मी.

3. पृष्ठ : 320 पृष्ठ- 70 जी.एस.एम. मैप एन.एस., तारीख और कैलेंडर के बिना

4. सूचना पृष्ठ : 16 पृष्ठ- 70 जी.एस.एम. मैप एन.एस.

5. संलग्नक : 10 पृष्ठ 4सी + 135 जीएसएम आर्ट पेपर पर 4सी (आर्ट वर्क उपलब्ध कराया जाएगा)

6.अंतिम पृष्ठ : 120 जीएसएम मैपलिथो-प्लेन

7. बाइंडिंग : हार्ड केस मशीन बाइंडिंग

8. अंतिम : मैट लैमिनेशन, कवर पर स्पॉट यूवी/फॉइलिंग तथा अंदर की ओर एज़ गिल्डिंग

9. मात्रा/संख्या : 22,000 (संख्या)

10. पैकिंग : व्यक्तिगत कार्ड लिफाफा

11. 30 डायरी पर नाम के साथ वैयक्तिकृत एम्बॉसिंग।

<u>शर्तें:</u>

1. तकनीकी बिड तथा वाणिज्यिक बिड दो अलग -अलग लिफाफों में दिनांक 21.09.2018, 17:00 बजे तक अथवा इससे पूर्व प्रस्तुत किया जाना चाहिए।
2. उपरोक्त विवरण के आधार पर ब्लीच्ड तथा गैर- ब्लीच्ड पर्यावरण-मित्र पेपर के कोटेशन अलग से उपलब्ध कराएं।
3. वाणिज्यिक कोटेशन में प्रति डायरी की दर का विवरण होना चाहिए। कर अलग से दिखाया जाना चाहिए। उक्त शर्तों का पालन न करने वाली निविदाओं को तत्काल खारिज का दिया जाएगा।

4. लिफाफे के ऊपर लिखा जाना चाहिए “डायरी की छपाई तथा आपूर्ति हेतु तकनीकी कोटेशन”। वाणिज्यिक कोटेशन के लिए अलग लिफाफा होना चाहिए जिसके ऊपर “वाणिज्यिक कोटेशन” लिखा जाना चाहिए।
5. कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा।
6. विभिन्न शाखाओं और हेड ऑफिस स्थानों पर डायरी के लिए डिलीवरी की प्रस्तावित तारीख 15 नवंबर 2018 है अथवा ऑर्डर की तारीख से छह सप्ताह, जो भी बाद में हो।
7. निविदा में सफल कंपनी को ईसीजीसी द्वारा उपलब्ध कराये गए पतों पर डायरी की डिलवरी का इंतजाम करना होगा तथा डिलिवरी हेतु लगे वास्तविक व्यय का भुगतान, रसीद की मूल प्रति उपलब्ध कराने पर किया जाएगा।
8. i) निर्धारित डिलीवरी तिथि से 15 दिनों के भीतर डिलीवरी में देरी के मामले में, डिलिवरी दिनांक से विलंब की स्थिति में उक्त दिनांक से ऑर्डर वैल्यू का 1% प्रतिदिन के हिसाब से, भुगतान में से काटा जाएगा।

   ii) निर्धारित डिलीवरी तिथि से 15 दिनों से अधिक डिलीवरी में देरी के मामले में, ऑर्डर रद्द करने का अधिकार ईसीजीसी लिमिटेड के पास होगा।

9. तकनीकी विवरण निर्धारित आवेदन के रूप में ही दिया जाना चाहिए। कृपया हमारी वेबसाइट से फार्म डाउनलोड करें।

10. निविदाओं को निम्नलिखित पते पर भेजा/ जमा किया जाए:

    श्री पीयूष पल्लव
    सहायक प्रबन्धक (राविप्र)
    ईसीजीसी लिमिटेड.
    5वां तल, निर्मल भवन
    नरीमन पॉइंट,
    मुंबई – 400021

11. किसी अन्य स्पष्टीकरण हेतु कृपया उपरोक्त अधिकारी से संपर्क करें :

दूरभाष नं. 022-66590715, सुबह 09:30 बजे से शाम 05:30 बजे के दौरान कार्यालयी घंटों में संपर्क करें।